"सूचना व प्रौद्योगिकी"

संख्या- ए. 20011/04 (क)/ 2021-हिन्दी
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खंड-9, कें.स. का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली -3
दिनांक: 01 अगस्त, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में निष्पादित करने हेतु नामित अनुभाग ।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्यालयों के 40% अनुभागों को अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु नामित किया जाना अपेक्षित है। इसके अनुपालन में समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के 13 अनुभागों (केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान और पोलनेट हब सहित) में से 05 अनुभागों को नामित किया जाना अपेक्षित है।

2. समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के तीन अनुभाग- प्रशासन, क्रय और भंडार अनुभाग तथा संचार अनुभाग के अंतर्गत कार्यरत एक यूनिट संचार केन्द्र को अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु नामित किया जा चुका है।

3. राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा उपरोक्त पैरा एक में निर्धारित लक्ष्य के अनुपालन में तथा समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जून 2022 की तिमाही बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में इस निदेशालय के कार्यशाला अनुभाग को अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु नामित किया जाता है।

4. यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

राजीव सिंह
01.08.2022
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि

1. निदेशक महोदय के प्रधान वैयक्तिक सचिव : सादर सूचनार्थ
2. सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक।
3. सभी अनुभाग अधिकारी/सहायक निदेशक।
4. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली
5. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली
6. स.नि., सूचना और प्रौद्योगिकी - विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाइल